सराहनीय कार्य दिनांक 12-09-2023 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

थाना नगला खंगर पुलिस टीम की बडी सफलता, दिनांक 09-09-23 की रात्रि दम्पति से लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार।

- **दोनों लूटेरों के कब्जे से लूटा गया मंगलसूत्र, 5600 रूपये व लूट की घटना में प्रयुक्त बुलट मोटरसाइकिल बरामद।**
- **फरार तीसरे लूटेरे अभियुक्त सूरज की तलाश जारी है............**
- **फरार लुटेरे अभियुक्त पर विभिन्न जनपदों के थानों में आधा दर्जन से अधिक लूट के अभियोग हैं पंजीकृत।**
- **ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर की गयी थी अपराधियों की शिनाख्त।**

दिनांक 09.09.2023 को समय करीब रात्रि 09 बजे सुजनीपुर पुल अन्डरपास आगरा लखनउ एक्सप्रेस वे से श्री पंकज कुमार पुत्र लज्जाराम नि0 नगला ब्राह्मण थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद व इनकी पत्नी श्रीमती रुकमनी देवी से बुलट मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात लोगों द्वारा तमन्चा दिखाकर एक मंगलसूत्र व पर्स जिसमें 17 हजार रुपये,आधार कार्ड व अन्य कागज लूट लिए गए थे। वादी की तहरीर के आधार पर थाना नगला खंगर पर मु0अ0सं0 232/2023 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया।

घटना के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के पर्यवेक्षण में 03 टीमों का गठन किया गया था जिसमें थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को देखा गया। फुटेज के आधार पर घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल बुलट रंग लाल व काला तथा तीन अज्ञात अभि0गण की पहचान करते हुए आज दिनांक 12.09.2023 को थाना पुलिस टीम द्वारा नगला ब्राह्मण अन्डरपास पुल लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे से मुखविर खास की सुचना पर अभि0गण 1- मोहित यादव पुत्र रामवीर सिहं निवासी ग्राम नगला वल्ल थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद 2- शैलेन्द्र उर्फ आकाश पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम चन्द्रहंस की मढैया थाना नगला खंगर जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा अभि0 सूरज पुत्र शिवराज निवासी नगला भाऊ थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से लूटा गया 01 अदद मंगलसुत्र पीली धातु, 5600 रुपये व घटना मे प्रयुक्त वुलट मोटर साइकिल न0 UP 83 BF 4803 रंग लाल बरामद की गयी है तथा दोनों अभि0गण से अलग अलग एक एक तमन्चा देशी नाजायज 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। गिरफ्तारी अभि0गण तथा बरामदगी माल के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। वादी मुकदमा श्री पंकज कुमार तथा उसकी पत्नी श्रीमती रुकमनी देवी द्वारा पकडे गये अभि0गण व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व बरामद माल मंगलसूत्र को बाखूवी पहचानते हुए थाना नगला खंगर पुलिस की तत्परता व लूटे गये माल की बरामदगी व पुलिस कार्यवाही की प्रशंसा की गयी है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण एवं आपराधिक इतिहासः-

1- मोहित यादव पुत्र रामवीर सिहं निवासी ग्राम नगला वल्ल थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद उम्र 23 वर्ष।

1- मु0अ0सं0- 232/2023 धारा 392/411 भादवि थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद

2-मु0अ0सं0- 234/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद

2- शैलेन्द्र उर्फ आकाश पुत्र अशोक कुमार निवासी चन्द्रहंस की मढैया थाना नगला खंगर ,फिरोजाबाद उम्र 27 वर्ष

1-मु0अ0सं0- 128/2017 धारा 307 भादवि थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद

2-मु0अ0सं0- 232/2023 धारा 392/411 भादवि थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद

3-मु0अ0सं0- 235/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद

फरार अभियुक्तः-

1-सूरज पुत्र शिवराज निवासी नगला भाऊ थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद

1. मु0अ0सं0- 638/2021 धारा- 307/394/323/504 भादवि थाना शिकोहाबाद
2. मु0अ0सं0-60/2014 धारा 323/324/504/506 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद
3. मु0अ0सं0-381/2021 धारा 392/411 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी
4. मु0अ0सं0-06/2022 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना करहल जनपद मैनपुरी
5. मु0अ0सं0-542/2021 धारा 392 भादवि थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी
6. मु0अ0सं0-25/2023 धारा 392/411 थाना चौबीया जनपद इटावा
7. मु0अ0सं0 232/2023 धारा 392,411 भादवि थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1-एक अदद मंगलसुत्र पीली धातु।

2-वादी से लूट के 5600 रुपये।

3-घटना मे प्रयुक्त बुलट मोटर साइकिल न0 UP 83 BF 4803 रंग लाल ।

4-दो तमन्चा देशी नाजायज 315 बोरर मय 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1-प्रभारी निरीक्षक श्री शेर सिहं थाना नगला खंगर जिला फिरोजाबाद।

2-उ0नि0 राजेश कुमार , उ0नि0 विनय कुमार नगला खंगर जिला फिरोजाबाद।

3-है0का0 656 अजय कुमार थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

4-का.708 दिनेश कुमार नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।